रुड़की क्षेत्र के कालेज में पकड़े गए कई नकलची

यूटीयू के कुलपति ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

कुलपति ने कालेजों से मांगी परीक्षा की वीडियो रिकार्डिंग

देहरादून (एसएनबी)। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) नकल विहीन परीक्षा को लेकर सख्त रुख अपना रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने उड़नदस्ते टीम के साथ रुड़की क्षेत्र में पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई कालेजों में नकलची भी पकड़े गए।

यूटीयू द्वारा संचालित मुख्य परीक्षा के दौरान कुलपति ने रुड़की क्षेत्र में आने वाले कालेज बीएसएम इंजीनियरिंग, अरिहन्त लॉ कालेज, आईटीआर, आरसीएम, आरसीपी कालेज में प्रथम पाली में हो रही परीक्षाओं का जायजा लिया। इस दौरान उड़नदस्ते की टीम ने बीएसएम इंजीनियरिंग कालेज में जांच के दौरान पर्चियों के साथ इंजीनियरिंग के तीन-तीन नकलची छात्रों को धर दबोचा। अरिहन्त लॉ कालेज में टीम ने विधि पाठ्यक्रम की परीक्षा में एक छात्रा को नकले करते हुए पकड़ा। टीम ने नकल की सामग्री सहित उत्तर पुस्तिका को सील करवाकर कब्जे में ले लिया। वहीं आरसीपी फार्मेसी कालेज में भी प्रथम व द्वितीय पाली में एक-एक छात्र को मोबाइल व अनाधिकृत सामग्रियों के साथ नकल करते हुए दबोचा। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि कालेजों से विश्वविद्यालय की सेमेस्टर में संचालित हो रही परीक्षाओं की वीडियो रिकार्डिंग तिथिवार मंगाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि रिकार्डिंग की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएंगी।